## जेईई एडवांस्ड 2017

**जेईई एडवांस्ड कोई रेग्युलर इंजीनियरिंग एंट्रेंस एग्जाम नहीं है, इसे क्वॉलिफाई करने वाले स्टूडेंट्स को आईआईटी से इंजीनियरिंग करने का मौका मिलता है। यही कारण है कि यह सबसे टफ एग्जाम्स में से एक है। यह एग्जाम क्लियर करने के लिए हर विषय की एक खास रणनीति और शॉर्ट ट्रिक्स पर कमांड होना जरूरी है। अगर आपने भी जेईई मेन्स क्वॉलिफाई कर लिया है, तो एक्सपर्ट्स से जानिए जेईई एडवांस्ड की तैयारी से जुड़े कुछ महत्वपूर्ण बिंदु...।**



# तैयारी में न रह जाए थोड़ी-सी भी कमी

**शानदार** स्कोर्स के साथ जेईई एडवांस्ड क्वॉलिफाई करना कोई आसान काम नहीं है। इसके लिए फोकस्ड अप्रोच, कठोर परिश्रम और सतर्क मस्तिष्क की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। जेईई मेन्स क्वॉलिफाई करने पर विद्यार्थियों में एडवांस्ड क्लियर करने का आत्मविश्वास बढ़ जाता है, लेकिन जिन विद्यार्थियों की तैयारी के स्तर में थोड़ी-सी भी कमी आती है, वे प्रतिस्पर्धा में बहुत पीछे छूट जाते हैं। अब जेईई एडवांस्ड में कुछ ही दिन शेष हैं। इस दौरान आप कुछ बातों का ध्यान रखकर अपनी तैयारी को बेहतर बना सकते हैं।

### एकाग्रता व सतर्कता जरूरी

उम्मीदवारों को न सिर्फ परीक्षा के दौरान बल्कि तैयारी के समय भी फोकस्ड और अटेंटिव रहने की जरूरत है। सिर्फ कोई फॉर्म्यूला आना ही काफी नहीं है, बल्कि आपके मन में उसके बारे में क्लैरिटी भी होनी चाहिए। उम्मीदवारों को हर टॉपिक के बेसिक लेवल के साथ-साथ एडवांस लेवल का ज्ञान भी होना चाहिए। अपने डाउट परीक्षा से पहले ही क्लियर कर लें। टॉपिक्स की डेली प्रैक्टिस करें।

### समय प्रबंधन

जेईई एडवांस्ड के सिलेबस में शामिल हर विषय की अच्छी तरह प्रैक्टिस करना जरूरी है। प्रैक्टिस करते समय टाइमिंग का ध्यान जरूर रखें ताकि इस बात की जानकारी रहे कि किस प्रश्न को हल करने में आपको कितना समय लग रहा है और आप किस तरह अपनी स्पीड मैनेज कर सकते हैं। आपको आसान व कठिन प्रश्नों को अलग-अलग करके टाइम मैनेजमेंट करना चाहिए ताकि परीक्षा में न तो महत्वपूर्ण प्रश्न छूटें और न ही समय बर्बाद हो।

## विषयवार टिप्स

### मैथमेटिक्स

- **वेक्टर्स, 3डी, प्रॉबैबिलिटी, इनडेफिनिट इंटीग्रेशन, कॉम्प्लेक्स नंबर्स और डेफिनिट इंटीग्रल जैसे टॉपिक्स पर अच्छी तरह फोकस करें।**
- डिफरेंशियल कैलक्युलस एक ऐसा अहम टॉपिक है, जिसमें स्पेशलाइज करना जरूरी है। तभी आप रोल्स व लैगरेंज थ्योरम्स आदि पर आधारित प्रश्न हल कर सकेंगे।
- **को-ऑर्डिनेट ज्योमेट्री में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अलग-अलग कोनिक सेक्शन्स के पैरामेट्रिक फॉर्म्स को अच्छी तरह पढ़ें।**
- इंटीग्रल कैलक्युलस पर आधारित प्रश्न हल करने के लिए इंटीग्रेबल फंक्शन्स के बेसिक्स समझ लें।



### केमिस्ट्री

- **इस विषय में तीन चीजों पर फोकस करें: कंसेप्चुअल क्लैरिटी, एप्लिकेशन स्किल्स और प्रिस्क्राइब्ड सिलेबस को लेकर अवेयरनेस।**
- मोल कॉन्सेप्ट्स, केमिकल इक्विलिब्रियम और इलेक्ट्रोकेमिस्ट्री जैसे टॉपिक्स पर ज्यादा जोर दें तथा प्रतिदिन तैयार करें।
- **स्टीरियो केमिस्ट्री, जनरल ऑर्गेनिक केमिस्ट्री और फंक्शनल ग्रुप एनालिसिस अच्छी तरह पढ़ें।**
- कुछ कंसेप्चुअल टॉपिक्स जैसे केमिकल बॉन्डिंग और को-ऑर्डिनेशन केमिस्ट्री पर फोकस करें। इन पर आधारित प्रश्नों का अभ्यास करें।
- **ऑर्गेनिक केमिस्ट्री पढ़ते समय केमिकल फॉर्मूलों पर ध्यान दें। इस टॉपिक से संबंधित प्रश्नों का प्रतिदिन अभ्यास करें।**

### फिजिक्स

- **जेईई एडवांस्ड के पेपर का बड़ा हिस्सा फिजिक्स पर आधारित होता है, जो मार्क्स डिस्ट्रिब्यूशन के मामले में इसे और भी महत्वपूर्ण बनाता है।**
- इसमें ऑप्टिक्स, इलेक्ट्रिसिटी, मैगनेटिज्म आदि स्कोरिंग टॉपिक्स हैं। लिहाजा, इन्हें जरूर अच्छी तरह पढ़ें।
- **काइनेमेटिक्स और पार्टिकल डायनेमिक्स आदि मैकेनिक्स के महत्वपूर्ण टॉपिक्स हैं। इन्हें अक्सर पूछा जाता है।**
- जनरल ट्रेंड की बात करें, तो मैकेनिक्स, इलेक्ट्रिसिटी और मैगनेटिज्म से सबसे ज्यादा प्रश्न पूछे जाते हैं।
- **इनके अलावा ऑप्टिक्स, हीट, थर्मोडायनेमिक्स, वेव्स एंड साउंड, मेजरमेंट एंड एरर्स महत्वपूर्ण हैं।**

## हासिल करने लायक टारगेट

विद्यार्थियों को कभी अव्यवहारिक टारगेट नहीं बनाने चाहिए क्योंकि लक्ष्य हासिल न करने पर उन्हें बेहद निराशा होती है और वे हतोत्साहित भी हो जाते हैं। इन बचे हुए दिनों में अपने लिए डेली एजेंडा सेट करें, जैसे- आप कितने टॉपिक्स का रिवीजन पूरा करेंगे, किस विषय के कितने प्रश्न प्रैक्टिस करेंगे, कितने टॉपिक्स के डाउट्स क्लियर करके उन्हें तैयार करेंगे, कम से कम दो प्रीवियस पेपर्स जरूर सॉल्व करेंगे आदि। ऐसे टारगेट तय करके प्रैक्टिस करने से स्ट्रेस नहीं होता।

### पिछले वर्षों के पेपर


आपको प्रश्नपत्र कैसे हल करना है, यह जानने के लिए पिछले वर्षों के पेपर्स सॉल्व करना बहुत जरूरी है। इससे आपको विभिन्न टॉपिक्स से लिए जाने वाले प्रश्नों व उनके स्तर की जानकारी होती है और आप उसके हिसाब से अपनी तैयारी कर पाते हैं। यही नहीं, एग्जाम पैटर्न पहले से जानने से आपको नर्वसनेस भी नहीं होती। लिहाजा, आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए भी प्रीवियस पेपर्स सॉल्व करना जरूरी होता है।

### रिवीजन व एनालिसिस

रिवीजन के महत्व से हम सभी वाकिफ हैं। चाहे कोई प्रतियोगी परीक्षा हो या स्कूल की परीक्षा, रिवीजन करने से याद किए हुए टॉपिक्स हमारी स्मृति में बने रहते हैं। हालांकि जेईई एडवांस्ड में रिवीजन के साथ-साथ एनालिसिस भी बहुत जरूरी है। आप जिन विषयों में कमजोर हैं, उनका हर टॉपिक अच्छी तरह पढ़ें और अगले दिन उन पर आधारित प्रश्नों का अभ्यास करके इस बात की एनालिसिस करें कि आपको वह टॉपिक कितना समझ में आया।

## तैयारी

# कतई हावी न होने दें यह एग्जाम स्ट्रेस...!




**परीक्षाएं हैं, तो इनसे जुड़ा तनाव भी है। यह तनाव परीक्षा में आपके प्रदर्शन पर बुरा प्रभाव डालता है। तो क्या करें कि तनाव दूर रहे और परीक्षा में आपका प्रदर्शन बढ़िया...?**

**अच्छी** जॉब पाने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के दौर से गुजरना अनिवार्य है। चूंकि इन परीक्षाओं पर ही आपका भविष्य निर्भर करता है, सो इन्हें लेकर तनाव रहना स्वाभाविक भी है। अक्सर एक ही समय पर हमें एक से अधिक परीक्षा की तैयारी करनी होती है। ऐसे में तो तनाव और भी बढ़ जाता है। मगर इस तनाव पर नियंत्रण रखना जरूरी है, नहीं तो इससे परीक्षा में आपके प्रदर्शन पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। सवाल यह है कि परीक्षाओं की तैयारी के दौरान तनावमुक्त कैसे रहें। इसके लिए कुछ उपाय कारगर हो सकते हैं।

### गहरी सांस लें

तनाव दूर करने की यह सबसे जांची-परखी विधि है। जब भी आप खुद को अधिक तनाव में महसूस करें, तो एक गहरी सांस लें, उसे कुछ समय तक रोके रखें व फिर उसे धीरे-धीरे छोड़ें। इस प्रकार आप अपने दिमाग से काफी सारा तनाव बाहर कर सकते हैं। यह उपाय आप परीक्षा हॉल में भी आजमा सकते हैं।

### सफलता की कल्पना करें

किसी भी प्रकार के कठोर परिश्रम का प्रेरक तत्व सफलता ही होती है। इसलिए पहले ही से इस सफलता की कल्पना कर लें, ताकि आप जान सकें कि अपनी पसंद की जॉब पाने में सफल हो जाने पर आपका जीवन कैसा होगा। इससे आपको आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

### मांसपेशियों को नियंत्रित करें

तनाव की स्थिति में शरीर की कुछ मांसपेशियां अकड़ जाती हैं। इससे बचने का उपाय यह है कि आप इन मांसपेशियों को बार-बार हिलाते-डुलाते रहें।

### स्टेज रिहर्सल हो जाए

याद है, स्कूल में नाटक खेलने से पहले आप रिहर्सल किया करते थे? परीक्षा से पहले भी आपको कुछ ऐसा ही करना होगा। परीक्षा हॉल के माहौल से खुद को परिचित करें, ताकि परीक्षा वाले दिन आपको नया-नया-सा न लगे। यह नयापन भी कई बार तनाव देता है।

### कसरत से मिलता है लाभ

एग्जाम स्ट्रेस से छुटकारा पाने में फ्री हैंड एक्सरसाइज तथा सरल योगासन बहुत कारगर साबित होते हैं। ऐसे आसनों व एक्सरसाइज की पहचान कर लें और इन्हें नियमित रूप से जरूर करें।

### 'परफेक्शन' की चाह न रखें

न तो कोई परफेक्ट है और न ही कोई परफेक्ट हो सकता है। हर कोई गलतियां करता है। सबकी ताकत व कमजोरी होती है। इस बात को स्वीकार करें। अपनी कमजोरियों को लेकर खीजें नहीं अन्यथा इससे तनाव ही होगा।

## खुशगवार लम्हे याद करें

**लगातार पढ़ाई करना शरीर व दिमाग दोनों ही के लिए तनावपूर्ण होता है। इस स्थिति का सामना लगभग हर परीक्षार्थी को करना पड़ता है। कई बार आप इतने थक चुके होते हैं कि आपका दिमाग एक सीमा से आगे एक भी अतिरिक्त शब्द ग्रहण करने से इनकार कर देता है। जबकि अभी और भी काफी पढ़ाई करना शेष होता है। ऐसे में कुछ पल अपनी आंखें बंद कर उन खुशगवार लम्हों को याद करें, जो पढ़ाई के दौरान ही आपके साथ बीते। इससे आप प्रसन्नचित्त हो जाएंगे और आपको आगे पढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।**

## पर्याप्त नींद बहुत जरूरी

हमारा दिमाग कोई मशीन नहीं है। उसे काम से ब्रेक लेने की भी जरूरत पड़ती है। अच्छी नींद हमारे दिमाग को यही ब्रेक उपलब्ध कराती है। यदि आपको रात में पढ़ना ही सुविधाजनक लगता है, तो रात में ही पढ़ें। मगर इतना ध्यान रखें कि नींद की कमी की पूर्ति आपको दिन में करनी होगी।

### सकारात्मक बने रहें

मन में सकारात्मकता को बनाए रखना बहुत जरूरी होता है। यदि आप यह मानकर चलते हैं कि आप परीक्षा में सफल हो जाएंगे, तो इस बात की पूरी संभावना है कि आप वास्तव में सफल होंगे। मगर यदि आपके मन में असफलता के विचार आते रहते हैं, तो बहुत संभव है कि मेहनत करने के बावजूद आपको असफलता ही हाथ लगे।

## बहुत कारगर है ध्यान

प्रतियोगी परीक्षा में सफलता के लिए यह बहुत जरूरी है कि आपका मस्तिष्क आपके नियंत्रण में रहे। ऐसे मौके भी आएंगे, जब परिस्थितियां आपके नियंत्रण से बाहर होंगी लेकिन तब भी यह जरूरी होगा कि आप ठंडे दिमाग से इन परिस्थितियों का सामना करें। इसमें ध्यान (मेडिटेशन) आपकी काफी मदद करेगा। यदि आप नियमित रूप से ध्यान करते हैं, तो एक समय ऐसा भी आएगा कि आप अपनी मर्जी अनुसार अपने मस्तिष्क को नियंत्रित कर सकेंगे।

# टेक्नोलॉजी कराए इंटरव्यू की तैयारी!

## टेक-हेल्प

**अगर आपको बेहतर जॉब चाहिए, तो इंटरव्यू की अच्छी तैयारी भी जरूरी है। कई बार इंटरव्यू में ऐसे सवाल पूछे जाते हैं, जिनका जवाब मालूम नहीं होता है। ऐसे में इंटरव्यू की तैयारी के लिए आप कुछ एप्लिकेशंस व वेबसाइट्स की मदद ले सकते हैं। इससे इंटरव्यू के दौरान आप अधिक आत्मविश्वास महसूस करेंगे।**



### www.pramp.com

यह वेबसाइट इंटरव्यू टूल्स मुहैया कराती है, जिससे आप घर बैठे बेहतर तरीके से इंटरव्यू की तैयारी कर पाएंगे। यह आपके प्रोफाइल से मैच करते हुए प्रोफेशनल से लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग के जरिए इंटरव्यू प्रैक्टिस की सुविधा देती है। अगर इंटरव्यू के दौरान आपको लगता है कि आप किसी खास एरिया में कमजोर हैं, तो उस सेशन को फिर से कस्टमाइज कर कॉन्सेप्ट को क्लियर कर सकते हैं। इंटरव्यू प्रैक्टिस के दौरान आपके कमजोर पक्ष से ज्यादा-से-ज्यादा सवाल पूछे जाएंगे। हर इंटरव्यू लगभग 30 मिनिट का होता है और खत्म होने पर फीडबैक भी मिल जाता है।

### 101 HR Interview Questions

**अलग-अलग** सेक्टर में जॉब इंटरव्यू के दौरान सवाल भी अलग होते हैं। ऐसे में यह ऐप जॉब इंटरव्यू के लिहाज से उपयोगी हो सकता है। इसमें जॉब इंटरव्यू के दौरान पूछे जाने वाले 101 कॉमन सवालों के जवाब दिए गए हैं। ये आम सवाल हैं, जिन्हें अक्सर जॉब इंटरव्यू के दौरान पूछा ही जाता है। इसमें आपको कई श्रेणियों से संबंधित प्रश्नों के उत्तर मिलेंगे, जैसे जनरल कैटेगरी, पर्सनल डेवलपमेंट, टीमवर्क, टाइम मैनेजमेंट, लीडरशिप, मोटिवेशन, डिसीजन मेकिंग आदि। इस ऐप को आप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। इसके लिए एंड्रॉयड 4.1 या इससे ऊपर के वर्जन्स की जरूरत पड़ेगी।

### www.trunkclub.com

इंटरव्यू के लिए आपका परिधान किस तरह का होना चाहिए, यह जानने के लिए आप ट्रंक क्लब वेबसाइट की मदद ले सकते हैं। यहां पुरुषों व महिलाओं के लिए अलग-अलग सेक्शंस हैं। ट्रंक क्लब आपको पर्सनल स्टाइलिस्ट से कनेक्ट करने में मदद करता है। यह पहनावे को लेकर आपकी पसंद-नापसंद क्या है, इसे समझने के लिए कुछ समय लेगा, फिर अपनी सलाह देगा।

### Job Interview Question-Answer

यह इंटरव्यू की तैयारी के लिए इंटरैक्टिव वीडियो ऐप है, जो प्रैक्टिस में आपकी मदद करेगा। यह मॉक इंटरव्यू फॉर्मेट में है। इसमें आम तौर पर इंटरव्यू के दौरान पूछे जाने वाले सवाल ही होते हैं। अच्छी बात यह है कि प्रैक्टिस के दौरान सवालों के जवाब को आप रेकॉर्ड भी कर सकते हैं। इसके अलावा, यह भी देख सकते हैं कि प्रोफेशनल इंटरव्यू कोच उन सवालों का जवाब किस तरह से देते हैं। यहां पर आपको जॉब इंटरव्यू के पुराने वीडियोज भी मिलेंगे, जिससे काफी मदद मिल सकती है। यह ऐप फ्री में गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है।

## स्कॉलरशिप कॉर्नर

# देश के लिए काम करने का मौका

### नेशनल स्कॉलरशिप एग्जाम

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ करियर एजुकेशन द्वारा यह परीक्षा कराई जाती है। इसका उद्देश्य है प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान करना तथा उनकी प्रतिभा को परिष्कृत करना। यह दो श्रेणियों में होती है। कक्षा 5वीं से 12वीं (एसएससी/ आईसीएसई/ सीबीएसई) के विद्यार्थियों के लिए तथा डिप्लोमा व डिग्री के विद्यार्थियों के लिए (किसी भी विश्वविद्यालय से)। यह परीक्षा ऑब्जेक्टिव टाइप होगी। इसमें 1-1 अंक के 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। अवधि होगी डेढ़ घंटा। एनएसई सर्टिफिकेट प्राप्त हर विद्यार्थी को निजी शिक्षण संस्थानों, कोचिंग क्लासों, स्पोर्ट्स क्लब आदि में 10 से 50 प्रतिशत तक छूट दी जाएगा। डिग्री/ डिप्लोमा धारी को एक्सपर्ट टीम द्वारा करियर गाइडेंस व प्लेसमेंट हेल्प प्रदान की जाएगी। साथ ही पर्सनैलिटी डेवलपमेंट क्लास भी आयोजित की जाती हैं।

- **आवेदन की अंतिम तिथि:** 20 सितंबर 2017
- **अधिक जानकारी:** www.niceedu.org/nse



### एसबीआई यूथ फॉर इंडिया फैलोशिप

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा दी जाने वाली यह फैलोशिप 21 से 32 वर्ष आयु वर्ग के ग्रेजुएट्स के लिए 13 माह का प्रोग्राम है। इसके जरिए देश की सर्वश्रेष्ठ युवा प्रतिभाएं अनुभवी गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के साथ मिलकर ग्रामीण विकास परियोजनाओं पर काम करती हैं। इसके माध्यम से युवाओं को ग्रामीण भारत में जमीनी स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन लाने का अवसर मिलता है। फैलोशिप के तहत 15 हजार रुपए की राशि प्रति माह, यात्रा किराया, आवास सुविधा, चिकित्सा बीमा तथा फैलोशिप पूर्ण होने पर 30 हजार रुपए की राशि दी जाती है।

- **आवेदन की अंतिम तिथि:** 31 मई 2017
- **अधिक जानकारी:** www.youthforindia.org

## एडमिशन अलर्ट

# साइंस व इंजीनियरिंग के कोर्स

### फिशरी व मरीन कोर्स

**(सीआईएफएनईटी)**

सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज, नॉटिकल एंड इंजीनियरिंग ट्रेनिंग (सीआईएफएनईटी) ने अपने यहां बैचलर ऑफ फिशरी साइंस (बीएफएससी) तथा वेसल नेविगेटर कोर्स (वीएनसी) व मरीन फिटर कोर्स (एमएफसी) में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। बीएफएससी कोर्स में प्रवेश के लिए अंगरेजी व मैथ्स विषयों के साथ 50 प्रतिशत अंकों से 12वीं पास होना जरूरी है। वहीं वीएनसी/ एमएफसी कोर्स में प्रवेश के लिए मैथ्स विषय के साथ 50 प्रतिशत अंकों से 10वीं पास होना जरूरी है।

- **आवेदन की अंतिम तिथि:** 25 मई 2017
- **अधिक जानकारी:** www.cifnet.gov.in

### एमएससी इन अप्लाइड मैथमेटिक्स

**(आईआईटी मंडी)**

आईआईटी मंडी ने अपने यहां एमएससी इन अप्लाइड मैथमेटिक्स कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसके लिए ऐसे उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने मैथ्स अनिवार्य विषय के साथ कम से कम 55 प्रतिशत अंकों से बीए/ बीएससी या समकक्ष परीक्षा पास की हो।

- **आवेदन की अंतिम तिथि:** 14 मई 2017
- **अधिक जानकारी:** www.iitmandi.ac.in/academics/files/MSc_Applied_Mathematics_Advrt_2017-18.pdf



### इंजीनियरिंग डिप्लोमा

**(सीएसएमटी बीएसएफ पॉलीटेक्निक, टेकनपुर)**

सीएसएमटी बीएसएफ पॉलीटेक्निक, टेकनपुर ने अपने यहां ऑटोमोबाइल, मैकेनिकल और सिविल इंजीनियरिंग के 3 वर्षीय फुल-टाइम डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। 3 जुलाई को होने वाली प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश दिए जाएंगे। इसके लिए ऐसे विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने कम से कम 35 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं पास की हो।

- **आवेदन की अंतिम तिथि:** 27 जून 2017
- **अधिक जानकारी:** www.bsfpolycsmt.org